राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Gyan Ganga/2020-21/372; दिनांक : 03 March 2021

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

विषयः सत्र 2020–21 में ज्ञानगंगा कार्यक्रम के समापन सत्र का संयुक्त आयोजन बाबत।

महोदय / महोदया

आपको विदित है कि ज्ञानगंगा कार्यक्रम आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा राज्य में शिक्षा में गुणवत्ता संवर्द्धन, कक्षा अध्यापन कौशल विकास, शोध प्रोत्साहन एवं संकाय सदस्यों को विभाग स्तर पर रिसोर्स पर्सन्स के रूप में प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाने की दृष्टि से आरम्भ किया गया है। आप सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलता की ऊँचाईयां प्राप्त कर सका है, इसके लिए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता है।

लेख है कि दिनांक 06 मार्च 2021 को इस कार्यक्रम का इस सत्र का अन्तिम कार्यक्रम होगा, जिसका **बड़े स्तर पर समापन कार्यक्रम दिनांक 06 मार्च को ही सांय 3 बजे आयोजित किया जाएगा।** इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान् आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान करेंगे।

इसके संबंध में लेख है कि –

1. ज्ञानगंगा कार्यक्रमों के सभी 32 आयोजक महाविद्यालयों के प्राचार्य, कार्यक्रम समन्वयक एवं आयोजन सचिव इस कार्यक्रम में आवश्यक रूप से जुड़ेंगे।
2. **इस कार्यक्रम का ऑनलाइन संचालन राजकीय कला महाविद्यालय सीकर द्वारा किया जाएगा।** जिसका समन्वय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सीकर एवं प्रभारी डॉ. जितेन्द्र डी. सोनी होंगे। इस कार्यक्रम का लिंक इसी महाविद्यालय द्वारा तैयार कर साझा किया जाएगा। लिंक प्राप्त करने हेतु निम्न सम्पर्क सूत्र का उपयोग करें –

डा. जितेन्द्र डी. सोनी
समन्वयक ज्ञानगंगा, राजकीय महाविद्यालय सीकर
मोबाइल नम्बर : 9413311351

3. यह कार्यक्रम सांय 3 से 4 बजे तक आयोजित होगा जिसमें दिनांक 1 से 6 मार्च 2021 की अवधि में हो रहे 5 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सभी सहभागी भी आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे। इन सहभागियों को कार्यक्रम लिंक शेयर करने का दायित्व सम्बन्धित आयोजक महाविद्यालय के समन्वयक का होगा।

4. दिनांक 1 से 6 मार्च की अवधि में आयोजित हो रहे 5 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से प्रत्येक कार्यक्रम से 2 प्रतिभागी इस कार्यक्रम के बारे में अपना फीडबैक देंगे। इन प्रतिभागियों को सम्बन्धित कार्यक्रम समन्वयक ही चिंहित करें एवं उनके नाम व मोबाइल नम्बर आयुक्तालय को 05 मार्च 2021 तक प्रेषित करें। फीडबैक देने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को फीडबैक के लिए अधिकतम 2 मिनट का समय दिया जायेगा।
5. इस कार्यक्रम में कुछ अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के जुड़ने की भी संभावना है।
6. इस कार्यक्रम में अन्य राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य जो स्वेच्छा से जुड़ना चाहे, वह भी भाग ले सकते हैं।
7. आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के समस्त अधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इसके लिए लिंक एवं कार्यक्रम सूचना आकाशि अधिकारियों के समूह में साझा कर दी जाएगी।
8. **समापन सत्र का यह आयोजन ज्ञानगंगा प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित है। अतः इसमें सीमित सहभागिता ही अनुमत है। इसीलियेः केवल निर्देशित व्यक्ति ही कार्यक्रम से जुडेंगे।**
9. इस कार्यक्रम का विवरण दिनांक 05 मार्च 2021 को वेबसाइट/व्हाट्सऐप ग्रुप में शेयर कर दिया जायेगा।

इस संबंध में मार्गदर्शन/सहायता हेतु आयुक्तालय के नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं

1. डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज	: प्रभारी अधिकारी नवा. एवं कौशल विकास	9414304650
2. डॉ. शिवांगना शर्मा	: सह आचार्य, नवा. एवं कौशल विकास	9461519852
3. डॉ. ललिता यादव	: सह आचार्य, नवा. एवं कौशल विकास	9529993619
4. डॉ. विश्राम मीना	: सहा. आचार्य, नवा. एवं कौशल विकास	9950373686

बी. एल. गोयल, RAS
अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

पत्रांकः CCE/ISDC/Gyan Ganga/2020-21/372.; दिनांक : 03 March 2021

सूचनार्थ प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
4. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान।
5. सभी प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
6. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई-मेल करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

03/3/2021

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ